दिनांक 29.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/सचिव नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 के संबंध में 28 नवम्बर 2018 को आहूत विडियो कान्फ्रेरस में प्राप्त निर्देश के संबंध में नगर पालिक निगम , भिलाई के आयुक्त श्री एस 0 के0 सुंदरानी के निर्देशानुसार आज अधीक्षण अभियंता श्री आर 0के0 साहू ने समस्त जोन आयुक्त , सहायक अभियंता, स्वच्छता निरीक्षक , उप अभियंता की बैठक अपने कक्ष में आहूत की।

श्री साहू ने नगर पालिक निगम भिलाई में स्थित सीटी/पीटी की स्थिति संतोष जनक नहीं होने के कारण असंतोष व्यक्त करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के गाईड लाईन अनुसार सम्पूर्ण सीटी/पीटी में सम्पूर्ण व्यवस्था , डोर टू डोर गीला एवं सुखा कचरा 100 प्रतिशत गीला एवं सुखा कचरा संग्रहित करें, व्यवसायिक क्षेत्र में डस्टबीन वितरण नहीं हो पाया है इस संबंध में निर्देशित किया गया कि किसी दुकानों में वितरण नहीं हो पाया हो तो वितरण का कार्य 100 प्रतिशत सुनिश्चित करें।

जनसम्पर्क अधिकारी